Classroom Based Assessment - 1 (2022-23)

Student Name: _____	Class-Subject: 8-Language
UDISE Code: _____	No. of Questions: 18
Student ID: _____	Duration: 60 minutes

खण्ड अ: निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़ कर सही उत्तर को चुनें। (15 x 1M = 15M)

1 इनमें से नीचे दिए गए वाक्य के लिए सही शब्द चुनें।

आधा _____ गिलास और आधा भरा हुआ गिलास बराबर होता है।

A साफ़

B कोरा

C खाली

D खोखला

2 इंदिरा गांधी भारत के श्रेष्ठ नेताओं में से एक थीं।

इनमें से कौन-सा शब्द रेखांकित शब्द के स्थान पर लिखा जा सकता है?

A साधारण

B महान

C सामान्य

D उपयोगी

3 इनमें से नीचे दिए गए वाक्य के लिए **सही शब्द** चुनें।

मोती, मेरा पालतू पिल्ला है।_____ देखते ही _____ पूँछ हिलाने लगता है।

A मुझे....अपनी

B मुझे....मेरी

C मेरे....इसकी

D उसकी...मुझे

schools.aglasem.com

4 नीचे दिए गए वाक्य को पूरा करने के लिए सही शब्द चुनें।

शीला मेरी दोस्त है। _____ की माताजी बीमार हैं।

A वह

B उन

C तुम

D उस

5 अलीबाबा और 40 चोरों ने मिलकर चोरी की थी !

रेखांकित अंक को हिंदी की गिनती में कैसे लिखा जाएगा?

A १०

B २०

C ३०

D ४०

6 दिये गए वाक्य में **विशेषता** बताने वाला शब्द चुनें।

गीता ने अपने लिए नीले मोज़े खरीदे।

A खरीदे

B अपने

C नीले

D मोज़े

7 सही शब्द को चुनकर दिए गए वाक्य को पूरा करें।

इस पुस्तकालय में बहुत सारी _____ हैं।

A पुस्तकों

B पुस्तकी

C पुस्तकें

D पुस्तक

schools.aglasem.com

8 1 0 0 0 0 0 3 0 0 0 0 1 0 0 0 0 5 0 0 0

इन अंकों में कितने शून्य हैं?

A दस

B बारह

C चौदह

D सोलह

9 तुमने रवि के पिताजी का अपमान किया है, तुम्हें उनका _____ करना चाहिए।

खाली स्थान के लिए उचित **विलोम शब्द** चुनें ।

A सलाम

B सम्मान

C सन्मान

D सादर

10 अगले दिन जब वे होटल का बिल चुकाने गए, उन्हें मालूम हुआ कि वह पहले से ही चुका दिया गया है।

ऊपर दिए वाक्य में 'वह' क्या है?

A दिन

B होटल

C मालूम

D बिल

schools.aglasem.com

दिए गए गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दें।





राजस्थान की अरावली पहाड़ियों में स्थित सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान का क्षेत्रफल 800 कि.मी. है। इस पार्क में पशुओं की बहुत सारी जातियाँ हैं, जैसे कि तेंदुए, हिरण, सांभर, चीतल, नीलगाय, जंगली सूअर, लंगूर, चार सींग वाले मृग, लकड़बग्घे, जंगली बिल्ली आदि। इस पार्क ने वर्ष 1979 में 'प्रोजेक्ट टाइगर' में हिस्सा लिया और 1982 में इसे राष्ट्रीय उद्यान बनाया गया।

परंतु दुर्भाग्य यह है कि एक राष्ट्रीय उद्यान और प्रोजेक्ट टाइगर का हिस्सा होने के बावजूद यहाँ कोई बाघ नहीं है। 'प्रोजेक्ट टाइगर' भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में शुरू की गई बाघों को बचाने की एक योजना है। इसके माध्यम से उद्यानों को बाघों को बचाने के लिए धन मिलता है। इसके बावजूद राष्ट्रीय उद्यान समिति सरिस्का के बाघों को विलुप्त होने से नहीं बचा सकी।

जानवरों के बिना कोई जंगल नहीं होगा। इसलिए हमें अमूल्य वन्य जीवन को बचाने के लिए मदद करनी चाहिए। इसके लिए हम दान दे सकते हैं, राष्ट्रीय अभयारण्यों का दौरा कर सकते हैं, जो संगठन वन्य जीवन को बचाने का कार्य करते हैं उनके सदस्य बन सकते हैं, या फिर वन्य जीवन के महत्त्व पर लोगों के बीच जागरूकता फैलाने की दिशा में काम कर सकते हैं।

11 आजकल सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान में इनमें से किसे **नहीं** देखा जा सकता?

A चीतल

B जंगली सूअर

C बाघ

D हिरण

12 सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान कब बना?

A 1982 में

B 1979 में

C 1973 में

D 1800 में

13 गद्यांश के आधार पर बताएँ कि 'प्रोजेक्ट-टाइगर' क्यों शुरू हुआ था?

A जानवरों को आदमियों से परिचित करवाने के लिए

B बाघों को मारे जाने से बचाने के लिए

C बाघों का शिकार करने वालों को सज़ा देने के लिए

D बाघों के लिए अधिक जंगलों का निर्माण करने के लिए

schools.aglasem.com

14 वन्य-जीवन को बचाने के लिए इनमें से कौन-सा तरीका अपनाया जा सकता है?

A अपने जानवरों को दूसरे राष्ट्रों को सौंप दें।

B पिकनिक मनाने के लिए राष्ट्रीय-उद्यानों में न जाएँ।

C अपने घर कुछ जंगली जानवरों को ले आएँ।

D वन्य-भूमि का व्यापारिक उपयोग न करें।

15 इस गद्यांश के पहले अनुच्छेद के लिए **उचित** शीर्षक चुनें।

A सरिस्का के निवासी

B सरिस्का का सौंदर्य

C सरिस्का का इतिहास

D सरिस्का की उपलब्धियाँ

खण्ड ब: निम्नलिखित प्रश्न को पढ़ कर उत्तर लिखें। (1x1M = 1M)

16 रिक्त स्थान पर आने वाला उचित शब्द लिखें।

अजय रोज़ आम के पेड़ पर _____ है।

खण्ड स: निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़ कर उत्तर लिखें। (2x2M = 4M)

17 आप जो काम अक्सर करते हैं, उसके बारे में दो वाक्य लिखें।

18 दिए गए चित्र के लिए दो वाक्य लिखें।



schools.aglasem.com

Class		
8		
Question	Subject	Answer Key
1	Hindi	C
2	Hindi	B
3	Hindi	A
4	Hindi	D
5	Hindi	D
6	Hindi	C
7	Hindi	C
8	Hindi	D
9	Hindi	B
10	Hindi	D
11	Hindi	C
12	Hindi	A
13	Hindi	B
14	Hindi	D
15	Hindi	A
16	Hindi	1 mark: चढ़ता या लटकता - सही से लिखा गया हो 0.5: ढ़ता या लटकता - गलत वर्तनी
17	Hindi	2 mark: वाक्य अर्थपूर्ण है ; व्याकरण की कोई गलती नहीं है ; वाक्य विषय से संभंधित है 1.5 marks : वाक्य अर्थपूर्ण है ; व्याकरण की 1-2 गलतीहै ; वाक्य विषय से संभंधित है 1 mark : वाक्य पूरी तरह से अर्थपूर्ण नहीं है ; व्याकरण मे दो से ज्यादा गलती है पर वाक्य विषय से संभंधित है 0.5 mark : बिना अर्थ का वाक्य हो पर एक दो शब्द विषय से जुड़े हुए लिखे हो
18	Hindi	Award 2 mark: अर्थ स्पष्ट रूप से पता चलता है; कोई त्रुटि नहीं; वाक्य पूर्ण और दिए गए चित्र से संबंधित है। (मुख्य तत्व जो दिए जाने चाहिए: कक्षा/ शिक्षक/ छात्र, इनमें कोई एक, या सभी शब्द) - पूर्ण विराम सहित विराम चिह्न से सम्बंधित त्रुटियों जैसे वाक्य के अंत में पूर्ण विराम नहीं डालने को त्रुटि के रूप में लिया जाना चाहिए)" 1.5 marks : अर्थ स्पष्ट रूप से पता चलता है; 1 त्रुटि; वाक्य पूर्ण और दिए गए चित्र से संबंधित है-कोई एक मात्रा की गलती, अंग्रेजी भाषा में लिखा एक शब्द की त्रुटि को भी इसमें शामिल करें 1 mark : अर्थ स्पष्ट रूप से पता चलता है; 2 त्रुटियाँ; वाक्य पूर्ण और दिए गए चित्र से संबंधित है" 0.5 mark अर्थ स्पष्ट रूप से पता चलता है; 3-4 त्रुटियाँ; वाक्य पूर्ण और चित्र से संबंधित है

schools.aglasem.com

AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com aglasem.com